# गरीबों के लिए चीनी पर जारी रह सकती है सब्सिडी

**संजीव मुखर्जी**
नई दिल्ली, 26 मार्च

**उम्मीद** की जा रही है कि गरीबों की मदद करने के लिए केंद्र सरकार अन्त्योदय अन्न योजना के तहत आने वाले 2.5 करोड़ परिवारों के लिए चीनी पर सब्सिडी जारी रहेगी। इससे केंद्र सरकार पर सालाना करीब 550 करोड़ रुपये बोझ बढ़ेगा।

अधिकारियों ने कहा कि वित्त मंत्रालय, खाद्य मंत्रालय के सुझाव से सहमत नजर आ रहा है, जिसमें मंत्रालय ने अंत्योदय योजना के तहत आने वाले परिवारों के लिए चीनी पर सब्सिडी जारी रखने का सुझाव दिया है क्योंकि वे गरीबों में भी गरीब हैं। इसके लिए जल्द ही कैबिनेट नोट तैयार किया जाएगा।

केंद्र सरकार ने 2017-18 के बजट में चीनी पर दी जाने वाली 4,500 करोड़ रुपये सब्सिडी बंद कर दी है। यह सब्सिडी गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों को सस्ती चीनी मुहैया कराने के लिए दी जाती थी।

सब्सिडी खत्म किए जाने का तर्क यह दिया गया था कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम लागू होने के बाद एपीएल-बीपीएल परिवारों का अंतर खत्म हो गया है और राज्य सरकारें यह ब्योरा मुहैया कराने में सक्षम नहीं थीं कि बीपीएल परिवारों को चीनी पर कितनी सब्सिडी मिलती है।